>

Title: Need to augment railway services in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan - laid

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): मेरा दौसा लोक सभा संसदीय क्षेत्र जनजाति वर्ग हेतु आरक्षित है । साथ ही जल के अभाव में किसानों हेतु अल्प आय प्राप्य असिंचित कृषि भूमि ही उपलब्ध है । सम्पूर्ण वर्ग के लोग कृषि एवं मजदूरी पर ही निर्भर हैं ।

दूसरी ओर क्षेत्र के हजारों नौजवान देश की सुरक्षा हेतु सीमाओं पर तैनात हैं, जिनके आवागमन हेतु रेल साधन काफी कम है तथा मजदूरी के उद्देश्य से हजारों मजदूर प्रतिदिन दिल्ली, अलवर, भिवाड़ी में आते जाते हैं ।

इसी जिले में मेहन्दीपुर बालाजी पवित्र धाम स्थित है । यहाँ का लाल पत्थर भारतवर्ष की अनेकोंनेक प्राचीरों की शोभा बढ़ा रहा हैं । जग प्रसिद्ध आभानेरी बावड़ी, भानगढ़ भूतहा किला आदि अनेक स्थान मेरे लोक सभा क्षेत्र में स्थित हैं । साथ ही केन्द्र सरकार धार्मिक स्थलों को साधन सुलभ बनाने हेतु भी वचनबद्ध है ।

माननीय रेल मंत्री महोदय को पूर्व में किए गए आग्रह के परिप्रेक्ष्य में हजारों सैनिक, मजदूर, व्यापारी वर्ग आध्यात्मिक व दर्शनार्थ पर्यटकों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए दौसा स्टेशन पर डबल डेकर, बांदीकुई, बसवा, बस्सी, मण्डावर स्टेशन पर 12985-12986, 12195-12196, 12035-12036, 22987, 22988,197 15-19716, 12547-12548 गाड़ियों का ठहराव, फेरा बढ़ाने की कृपा करें, जिससे लोगों को राहत प्रदान होगी ।